www.a2zpapers.com

Class – MA II

Subject –Hindi

Paper- II आधुनिक हिन्दी गद्य

Time Allowed : 3 Hours **Maximum Marks : 80**

प्रथम भाग

(उपशीर्षक : क)

1. (क) निम्नलिखित छः गद्यांशों में से किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(i) अहा, कैसा वह शुभ दिन होगा जब हम स्थूल शारीरिक आवश्यकताओं की ज़ंजीर तोड़कर सूक्ष्म मानस-जगत का नया लोक बनाएंगे। जब गेहूँ से हमारा पिंड छूट जाएगा, हम गुलाब की दुनिया में स्वच्छंद विहार किया करेंगे। गुलाब की दुनिया-रँगों की दुनिया, सुगँधों की दुनिया।

(ii) इस सलाह के लिए मैं आपका आभार मानता हूँ, पर माँस न खाने के लिए मैं अपनी माता जी से वचनबद्ध हूँ। इस कारण मैं माँस नहीं खा सकता। अगर उसके बिना काम न चला, तो मैं वापस हिन्दुस्तान चला जाऊँगा, पर माँस तो कभी नहीं खाऊँगा।

(iii) तुम्हारे लिए जीने का मतलब रहा है, कितना कुछ एक साथ होकर, कितना कुछ एक साथ पाकर और कितना कुछ एक साथ ओढ़कर जीना। वह इतना कुछ कभी तुम्हें किसी एक जगह न मिल पाता। इसलिए जिस किसी के साथ भी ज़िंदगी शुरू करती, तुम हमेशा ही इतनी खाली, इतनी ही बेचैन बनी रहती ।

(iv) किसे सुना सकता हूँ? कोई है जो सुन सकता है? जिन्हें सुनना चाहिए वे सब तो एक रबड़ स्टैम्प के सिवा कुछ समझते ही नहीं मुझे।

(v) कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं । वे जिस तरफ झुक गए,

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

झुक गए। जी में आया तो राई का पर्वत कर दिया, जी में न आया तो हिमालय की तरफ भी आँख उठा कर न देखा। यह उच्छृंखलता या उदासीनता सर्वसाधारण कवियों में देखी ही जाती है, आदि कवि तक इससे नहीं बचे। 4×6=24

(उपशीर्षक: ख)

1. (ख) निम्नलिखित छः प्रश्नों में से चार का उत्तर दें ।

(i) प्रतापनारायण मित्र का निबंधकार के रूप में परिचय दें।

(ii) 'गेहूँ और गुलाब' में लेखक क्या कहना चाहता है?

(iii) 'पगडण्डी का ज़माना' कैसा लेख है?

(iv) 'अशोक के फूल' में लेखक ने इतिहास और संस्कृति की चर्चा कैसे की है?

(v) यशपाल का आत्मकथाकार के रूप में परिचय दें।

(vi) भारतेन्दु जी का नाटककार के रूप में परिचय दें। 4×6=24

द्वितीय भाग

3. निम्नलिखित में से दो प्रश्नों का दीर्घ उत्तर दें।

(i) 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' में लेखक क्या कहना चाहता है?

(ii) 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबंध का प्रतिपाद्य लिखें।

(iii) 'मेरी आत्मकथा' के संदर्भ में गाँधी जी का व्यक्तित्व विश्लेषण करें।

16×2=32

****

www.a2zpapers.com